>

Title: Need to increase the wages of teachers of Kasturba Gandhi Awasiya Balika Vidyalaya and also regularise their appointment.

**श्री हर्ष वर्धन (महाराजगंज, उ.प्र.):** देश में वर्ष 2004 से संचालित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं की साक्षात्कार को ऊपर लाने के लिए चलाई गई है। यह विद्यालय जिन क्षेत्रों में चल रहा है उन क्षेत्रों के लोग इसका भरपूर लाभ ले रहे हैं। जिस लक्ष्य पर कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय को प्रारंभ किया गया था, उसमें सफलता भी मिल रही है पर शिक्षण कार्य में लगे अध्यापकों की सुध कोई नहीं ले रहा है। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के योजनाकारों ने शिक्षकों को मानदेय पर रखने की व्यवस्था बनाई थी जो चल भी रही है पर मानदेय स्वरूप जो वेतन वर्तमान में कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों के शिक्षकों को दिया जा रहा है, वह महंगाई के इस दौर में पर्याप्त नहीं है।

वर्ष 2007 में मानदेय में मामूली वृद्धि की गई थी पर आज के इस महंगाई के दौर में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षकों की आर्थिक स्थिति दयनीय है। कम मानदेय के कारण भरण पोषण की समस्या के चलते कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के शिक्षकों द्वारा अपने मानदेय को बढ़ाने की मांग विभिन्न माध्यमों के जरिए होती रही है।

मेरी मांग है कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय के अध्यापकों का मानदेय बढ़ाया जाए या फिर देश में अध्यापकों की भारी कमी को देखते हुए उनकी नियमित नियुक्ति की जाए क्योंकि वर्षों से अध्ययन कार्य में लगे ऐसे अध्यापक शिक्षण कार्य में अच्छे पारंगत हो चुके हैं। इससे उनकी आर्थिक हालत सुधरेगी और अध्यापकों की कमी दूर होगी।